(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान ,मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-462003

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com,*

***www.vidyabhartimp.org*** ***Date: 7-10-1986***

पत्र क्रमांक : 266/2025 दिनांक-02/07/2025

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य महोदय

सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर

मध्यभारत प्रान्त।

**विषयः- प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26**

बन्धुवर,

सादर नमस्कार।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजनानुसार प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में सत्र 2025-26 में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन अपने प्रान्त में संलग्न खेलकूद कलेण्डर 2025-26 के अनुसार किया जायेगा। खो-खो, कबड्डी एवं ऐथेलेटिक्स की सभी वर्गों की प्रतियोगिताएं जिला स्तर से प्रारम्भ होगी। शेष प्रतियोगिताएं सीधे प्रान्त स्तर से प्रारम्भ होगी।

**प्रान्त में आयोजित प्रतियोगिताओं हेतु सूचनाएँ निम्नानुसार है-**

1. प्रान्त स्तर से प्रारम्भ होने वाली प्रतियोगिताओं का पंजीयन शुल्क 500/-रू. प्रति टीम रहेगा। दिनांक 15 जुलाई 2025 तक प्रान्त में शुल्क जमा कर पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके पश्चात् ही प्रतियोगिता में सहभागिता की अनुमति रहेगी।
2. जिला स्तर एवं सीधे प्रान्त स्तर पर प्रारम्भ होने वाली समस्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले सभी भैया बहिनों का पंजीयन शुल्क 50/- रू. प्रति भैया बहिन की दर से प्रान्त में भेजना है।
3. अपने प्रान्त में आयोजित प्रान्त, क्षेत्र एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित भैया बहिनों को प्रान्त द्वारा भेजी गई सामग्री (प्रमाण पत्र, मेडल एवं किट) का शुल्क 150/- रू. प्रति प्रतिभागी की दर से प्रतियोगिता शुल्क में से प्रान्त में जमा कराना है।
4. सीधे प्रान्त स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में यदि एक ही टीम भाग लेती है तो उस टीम को प्रान्त द्वारा निर्धारित शुल्क प्रांत में जमा कराना होगा।
5. क्षेत्र स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता का शुल्क प्रान्त द्वारा एवं प्रवास व्यय विद्यालय द्वारा देय होगा।
6. अखिल भारतीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले भैया बहिनों का वास्तविक शुल्क प्रान्त द्वारा तथा पंजीयन शुल्क 100/- रू. भैया-बहिनों एवं प्रवास व्यय विद्यालय द्वारा देय होगा।
7. SGFI में सम्मिलित होने वाले भैया बहिनों का वास्तविक शुल्क प्रान्त द्वारा पंजीयन शुल्क 300/- रू. भैया-बहिनों द्वारा तथा प्रवास व्यय विद्यालय द्वारा देय होगा।
8. शेष खेलकूद संबंधी सूचनाओं के लिए अखिल भारतीय खेलकूद निर्देशिका के नियमों का ठीक प्रकार से अध्ययन कर पालन किया जाना है।
9. खेलकूद प्रतियोगिताओं की तिथियों में यदि कोई परिवर्तन होता है तो निर्धारित समय पर प्रान्त द्वारा सूचित किया जायेगा।
10. समस्त प्रकार की प्रतियोगिता समाप्ति के 8 दिवस में आय-व्यय पत्रक निर्धारित प्रारूप में प्रान्त में जमा करना अनिवार्य है।

भवदीय

(डॉ. शिरोमणि दुबे)

प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपि

1. श्रीमान् अध्यक्ष/संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख/सहप्रान्त प्रमुख एवं समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रान्त।
3. श्रीमान प्रान्त खेल संयोजक विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त।

Khel patra- 2025-26